# कार्यालय-प्राचार्य, शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला

## *जिला-कबीरधाम (छ.ग.)*

**कोड कं. - 2005**

Mail ID- collegebodla@gmail.com

क्रमांक/205/निविदा आमंत्रण/2026 बोड़ला, दिनांक: 07/09/26

प्रति,

सर्व संबंधित फर्म

प्रिंटिंग प्रेस

विषय: शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु छात्र-छात्राओं के परिचय पत्र एवं प्रवेश फॉर्म मुद्रण/छपाई कार्य हेतु सीलबंद निविदा आमंत्रण बाबत।

**....00...**

विषयांतर्गत लेख है कि इस महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु सत्र 2026-27 के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त परिचय पत्र (रिबन सहित) एवं प्रवेश फॉर्म तैयार/मुद्रित कराए जाने हैं। इस कार्य हेतु प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं पंजीकृत फर्मों/मुद्रकों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा की अनिवार्य शर्तें एवं नियम निम्नानुसार हैं:**

1. **प्रस्तुतीकरण:** निविदा केवल पूर्णतः सीलबंद लिफाफे में ही स्वीकार की जाएगी। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में **"परिचय पत्र एवं प्रवेश फॉर्म छपाई हेतु निविदा"** अंकित होना अनिवार्य है।
2. **प्रेषण माध्यम:** निविदा निर्धारित समयावधि में केवल पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट, प्रतिष्ठित कूरियर सेवा के माध्यम से अथवा महाविद्यालय कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकेगी।
3. **आपूर्ति एवं परिवहन:** समस्त स्वीकृत सामग्रियों (परिचय पत्र एवं प्रवेश फॉर्म) की सुरक्षित आपूर्ति महाविद्यालय परिसर तक स्वयं के व्यय पर करनी होगी। किसी भी प्रकार का पृथक परिवहन या लोडिंग शुल्क देय नहीं होगा।
4. **अंतिम तिथि एवं समय:** निविदाएं अनिवार्य रूप से दिनांक **15-09-2026** को कार्यालयीन समय **सायं 05:00 बजे तक** या उससे पूर्व कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
5. **वैधानिक पात्रता व कर:** GST धारक पंजीकृत फर्म ही अपनी निविदा प्रस्तुत करने हेतु पात्र होंगी। वर्तमान में प्रचलित समस्त शासकीय कर (Taxes) नियमानुसार लागू होंगे तथा बिल से कटौती योग्य होंगे।
6. **प्रारूप का अवलोकन:** परिचय पत्र, रिबन की चौड़ाई एवं प्रवेश फॉर्म का मूल प्रारूप/नमूना (Sample) निविदादाता किसी भी कार्यदिवस में कार्यालयीन समय के दौरान महाविद्यालय में उपस्थित होकर देख सकते हैं।
7. **गुणवत्ता एवं निरस्तीकरण:** यदि प्रदाय की गई सामग्री की गुणवत्ता (Quality) निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो महाविद्यालय प्रशासन को बिना किसी पूर्व सूचना के निविदा/क्रय आदेश को निरस्त करने तथा संबंधित फर्म को काली सूची (Blacklist) में डालने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

(निरंतर... पृष्ठ 2 पर)

# कार्यालय-प्राचार्य, शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला

## *जिला-कबीरधाम (छ.ग.)*

**कोड कं. - 2005**

Mail ID- collegebodla@gmail.com

क्रमांक/........./निविदा आमंत्रण/2026 बोड़ला, दिनांक: ......................

**विशेष टीप (Technical Specifications):**

- परिचय पत्र के साथ संलग्न होने वाले रिबन (Lanyard) पर महाविद्यालय का पूर्ण नाम **"शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला"** स्पष्ट रूप से मुद्रित (Print) होना अनिवार्य है।
- विभिन्न संकायों/कक्षाओं के वर्गीकरण हेतु परिचय पत्र का रिबन अनिवार्य रूप से अलग-अलग रंगों में तैयार करना होगा।
- कार्ड की मोटाई (GSM), रिबन की चौड़ाई तथा प्रवेश फॉर्म के कागज़ की गुणवत्ता के प्रत्यक्ष अवलोकन हेतु निविदा जमा करने से पूर्व महाविद्यालय प्रशासन से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

प्र. प्राचार्य

PRINCIPAL

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय

Govt. Swami Vivekanand College

बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

Bodla, Distt. Kabirdham (C.G.)